Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding issue of No objection certificate(NOC) by Ministry of Defence for construction of Railway Bridgein Anola Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

श्री धर्मेन्द्र कश्यप (आंवला): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपको धन्यवाद भी देना चाहता हूं और अपने क्षेत्र का एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय भी उठाना चाहता हूं । मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र आंवला, बरेली और बदायूं जनपदों का हिस्सा है । मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र में जनपद बरेली और आंवला के बीच रेलवे के समपार फाटक**,** समपार संख्या 359 और 359 ए हैं ।

22.10 hrs (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

मान्यवर, रेलवे, भारत सरकार के 32.81 करोड़ रुपये और राज्य सरकार के 96 करोड़ रुपये को मिलाकर कुल 128.81 करोड़ रुपये इसकी लागत है । इसकी लम्बाई 952.42 मीटर है । इसमें 60 प्रतिशत काम हो चुका है । लेकिन, रक्षा मंत्रालय की कुछ जमीनें इस पुल के अन्तर्गत आ रही हैं, जिनकी एन.ओ.सीज़. अभी तक नहीं दी गई हैं । राज्य सरकार लगातार पत्राचार कर रही है और उनके कुछ हिस्सों में जो जमीन का हस्तांतरण है, वह नहीं हो पा रहा है ।

महोदय, मेरा आपसे निवेदन है कि वर्तमान में रक्षा मंत्रालय की जो 'इन-प्रिंसिपल एप्रूवल फॉर वर्किंग इन डिफेंस लैण्ड' अपेक्षित है, इस पुल के महत्व को देखते हुए कृपया रक्षा मंत्रालय द्वारा इस पुल की एन.ओ.सी. जारी करने की कृपा करें ।

माननीय सभापति: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री धर्मेन्द्र कश्यप द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।